राज्यपाल सचिवालय

राज भवन जयपुर

राज्यपाल ने छत्रपति संभाजी नगर के विद्यार्थियों से किया संवाद

''राष्ट्र प्रथम'' की सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने की दी शुभकामनाएं

जयपुर, 18 दिसंबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को राज भवन में छत्रपति संभाजी नगर से आए विद्यार्थी प्रतिनिधिमंडल से संवाद किया।

उन्होंने इस दौरान विद्यार्थियों को राजस्थान के गौरव और यहां की संस्कृति के बारे में जानकारी देते हुए ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' की संकल्पना के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को ''राष्ट्र प्रथम'' की सोच के साथ जीवन में निरंतर आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी।

———